दिनांक : 15.06.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

शिवराज सिंह

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले में पौधा रोपण किया। जिले के ग्राम रतनपुर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में श्री चौहान ने आम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि पीढियों के सामंजस्य, सभी के सहयोग और नागरिकों के समर्पण के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। सांची के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन पर 666 पौधे रोपे गए है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन आदि विशेष अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करें।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में पर्यटन बोर्ड के संचालक मंडल और साधारण सभा की वार्षिक बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री का आज प्रदेश के सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोकों के निर्माण और विकास कार्यों और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की समीक्षा कर रहे हैं। आज जन अभियान परिषद की बैठक में भी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। और राजस्व महाअभियान के संचालन को लेकर भी बैठक करेंगे।

भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर आज सर्वे कर रहे एएसआई ने इंदौर हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी हैं। इस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। एएसआई द्वारा यह रिपोर्ट 2 जुलाई को पेश की जाना थी, किन्तु एएसआई ने नेशनल जियो फिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद की रिपोर्ट नहीं मिलने पर कोर्ट से समय बढ़ाने की मांग की थी। जिस पर न्यायलय ने 15 जुलाई तक की समयावधि दी थी । उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई सर्वे के आदेश दिए थे और 6 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। पुरातत्व विभाग द्वारा 22 मार्च से सर्वे प्रारम्भ किया गया था। छः सप्ताह की अवधि कम पड़ने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा न्यायालय से और समय मांगा गया था इस पर न्यायालय ने 8 सप्ताह का और समय दिया था। इस तरह न्यायालय

द्वारा दिए गए कुल 14 सप्ताह के समय मे सर्वे 22 मार्च से शुरू हो कर सर्वे 28 जून तक चला। 98 दिनों के सर्वे में छोटे-बड़े 1700 से अधिक पुरातात्विक अवशेष एएसआई को मिले हैं।

जनजातीय संग्रहालय

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कल बैतुल के लक्ष्मण बारस्कर और साथियों द्वारा कोरकू जनजातीय गदली-थापटी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कलाकार महादेव बेठे ने पारम्परिक नृत्य गदली के बारें में जानकारी दी। गदली नृत्य विवाह आदि के अवसर पर किया जाता है। कार्यक्रम में सागर के उत्तमसिंह गोण्ड एवं साथियों ने सैरा नृत्य की प्रस्तुति दी । मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रति रविवार होने वाली इस गतिविधि में प्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होता है।

मौसम

प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। बारिश के वजह से नदी नाले उफान पर है। मौसम विभाग ने आज राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार सहित 12 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में हल्की बारिश, गरज-चमक या आंधी चलने का अनुमान है। भोपाल में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। प्रदेश में अब तक औसतन 10.2 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे की कुल बारिश का 27 प्रतिशत है। कल सागर, सीधी, भोपाल समेत 15 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। सागर में 1.8 इंच पानी गिर गया। सीधी, खरगोन, रतलाम में पौन इंच के करीब बारिश हुई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम हर ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में अभी तक 40 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं।
- सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 14 जुलाई तक 172.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है।